पूर्व विधायक पूराराम चौधरी के आवास पर हुआ आयोजन

# 'जनता जनार्दन के सुख-दुःख में सहभागिता निभाने का आह्वान'

## स्नेहमिलन एवं नागरिक अभिनंदन समारोह





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भीनमाल के पूर्व विधायक पूराराम चौधरी के कावतरा स्थित आवास पर रविवार को स्नेह मिलन एवं नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। पूर्व विधायक कुछ समय से तबियत खराब होने की वजह से मुम्बई के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में भर्ती थे। जहां से पूर्ण स्वस्थ होकर वापिस लौटने एवं भीनमाल विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भारतीय जनता पार्टी द्वारा जसराज राजपुरोहित को संगठन का जिलाध्यक्ष बनाने के उपलक्ष में यह कार्य म आयोजित किया गया। कार्य म में भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के भारी तादाद में कार्यकर्ता शामिल हुए। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित एवं पूर्व विधायक पूराराम चौधरी ने संबोधित किया। दोनों नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एवं जनता जनार्दन के सुख-दुख में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। साथ ही पार्टी के लिए काम करने वाले समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को संगठन एवं सरकार में उचित मान सम्मान दिलाने का भी भरोसा दिलाया।

### यह भी रहे मौजूद

कार्यक्रम में जोगसिंह नरसाणा, भरत मेघवाल, पीराराम गोरसिया, टीकमसिंह राणावत, रमेश रावल, प्रवीण एम दवे, महेंद्र सोलंकी, भरतसिंह भोजाणी, किशोर सांखला, जोरावरसिंह राव, भंवरलाल विश्नोई, सांवलाराम भील, बागोडा सरपंच मदनसिंह, कावतरा सरपंच गजेन्द्रसिंह, वाड़ा भाडवी सरपंच किसनाराम, ठाकराराम रंगाला, पुखराज बगोटी, भागीरथराम विश्नोई, रतन खिलेरी, छैलपुरी गोस्वामी, हीराराम चौधरी वाली, चेलाराम चौधरी बगोटी, इंदरसिंह राणावत, एडवोकेट हेमलता जैन, लता व्यास, स्वामी दिव्यस्वरूप महाराज, बागोडा विकास अधिकारी अंकितकुमार, डिस्कॉम के अधिशाषी अभियंता पुनमाराम विश्नोई, तहसीलदार रामलाल जाट, रमेश विश्नोई, भादाराम देवासी, शंकरदान चारण सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए

पंजाब के लुधियाणा से ट्रक में लाई गई थी शराब

पुलिस की नाकाबंदी के चलते खुले ओरण में उतारे गए थे कार्टन

# तस्करी कर लाए शराब के 246 कार्टन बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** पुलिस ने गश्त के दौरान सरहद दांतीवास में पुनासा-दांतीवास रोड से नोहरा दांतीवास रोड जाने वाली ग्रेवल सड़क पर खुले में रखे शराब से भरे 246 कार्टन जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से लग्जरी कार भी बरामद की है, जिसे शराब के ट्रक की एस्कोर्टिंग में प्रयुक्त किया गया माना गया है। आइजी विकासकुमार के निर्देशानुसार रेंज में अवैध गतिविधियों/ मादक पदार्थों व शराब तस्करी की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों के विरूद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में जिले में जालोर एएसपी मोटाराम गोदारा के नेतृत्व में समूचा पुलिस महकमा मुस्तैदी से जुटा हुआ है। इसके तहत भीनमाल डीएसपी अनराजसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा शराब तस्करी के मामले का राजफाश करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस को जोधपुर पासिंग एक ट्रक में शराब तस्करी की सूचना पर पुलिस मुस्तैदी से तलाश में जुटी थी। इस दौरान सरहद दांतीवास में पुनासा-दांतीवास रोड से नोहरा दांतीवास रोड जाने वाली ग्रेवल सड़क पर करीब 700 मीटर भीतर ओरण में खुले में शराब के कार्टन व सूखी घास के बंडल बिखरे नजर आए। समीप ही सफेद फटा तिरपाल भी पड़ा मिला। शराब के कार्टन के पास एक स्वीफ्ट कार भी खड़ी थी, जिसका चालक पुलिस वाहन को देखते ही वाहन को भगा ले गया। लेकिन पुलिस ने कार को रूकवा लिया एवं अंदर मौजूद चालक चारणियों की ढाणी पुनासा निवासी श्यामसुंदर पुत्र लादूराम खिलेरी विश्नोई को दस्तियाब कर लिया। शराब के संबंध में पूछताछ करने पर श्यामसुंदर ने बताया कि लुधियाणा पंजाब से जोधपुर पासिंग ट्रक से शराब लाई गई है। लेकिन पुलिस नाकाबंदी होने से रात में ट्रक से ट्रक चालक जयराम बाबल पुत्र देवीचंद विश्नोई निवासी भालनी व एस्कोर्ट में उसके साथी रघुनाथराम पुत्र मगनाराम बागडवा जाट निवासी बाडाभाडवी ने कार्टन यहां उतारे है। यह खेप बाड़ाभाडवी निवासी खंगाराम उर्फ छोटू खिलेरी पुत्र बलवंताराम विश्नोई की है।

### कार्टन की करवाई गिनती

इस पर रूबरू मौतबिरान कार्टनों की गिनती की गई तो विभिन्न ब्राण्ड की अंग्रेजी शराब से भरे 246 कार्टन पाए गए।

### एक गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी

पुलिस ने इस मामले में श्यामसुंदर को गिरफ्तार कर एस्कोर्ट में प्रयुक्त वाहन जब्त कर लिया। मामले की जांच कर शेष आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास तेज कर दिए।

### पुलिस टीम में यह रहे शामिल

पुलिस टीम में थानाधिकारी सीआइ रामेश्वर भाटी के साथ एएसआइ चेनाराम, हैडकांस्टेबल बाबूलाल, कांस्टेबल सुरेशकुमार, राकेशकुमार, शैतानराम, रामलाल, मदनलाल, राजेन्द्रकुमार, डालूराम, रमेशकुमार चालक शामिल थे। प्रकरण में एसपी ऑफिस जालोर के कांस्टेबल किशन गहलोत की विशेष भूमिका रही।

# शांति व सौहार्द से मनाएं त्योहार : निरजकुमारी



## सीएलजी सदस्यों की बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** कस्बे के थाना परिसर में रविवार को सीएलजी सदस्यों की बैठक तहसीलदार निरजकुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत है। हमें त्योहारों को शांति व सौहार्द से मनाना चाहिए। होली पर्व को लेकर उन्होंने सभी से शांति व सौहार्द से पर्व मनाने एवं हुड़दंग नहीं करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शांति व सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास व हुड़दंग को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नायब तहसीलदार रूपाराम सोलंकी ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। पक्के व घातक रंगों की बजाय गुलाल व सामान्य रंगों से होली खेलें। थानाधिकारी तेजूसिंह ने अपने-अपने गांवों में किसी भी प्रकार की दुघर्टना व लड़ाई झगड़ा होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। सरपंच चन्द्रवीरसिंह परमार ने थानाधिकारी से पर्याप्त पुलिस जाब्ता लगाने का आग्रह किया। इस मौके पर वागसिंह पूनंग, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष छगनलाल भाटी, सरपंच तातोल पांचाराम चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पटवारी केवाराम देवासी, शांतिलाल सुथार, दुदाराम, तुलसाराम चौधरी सीकवाड़ा, कांतिलाल पुनक, दिनेश सोनी, परबाराम देवासी बीठन, अंजना भट्ट, प्रतापसिंह बेतारना, भवसिंह सहित समस्त सदस्य, सुरक्षा सखी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिविर में किया 17 यूनिट रक्तदान



फोटोग्राफी एसोसिएशन का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** फोटोग्राफी एसोसिएशन द्वारा समाजसेवा के तहत स्थानीय नाहर ब्लड सेंटर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 17 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाना है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित करने की बात कही। मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और समाज के प्रति उनकी सेवा की सराहना की। नाहर ब्लड सेंटर के अधिकारियों और सिविल अस्पताल प्रशासन ने फोटोग्राफी एसोसिएशन के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अपनी पंचायत को टीबी मुक्त बनाने को दिलाई शपथ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान कार्य म की समीक्षा बैठक रविवार को ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविन्दसिंह चुंडावत के अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में सम्पन्न हुई। ब्लॉक कार्य म अधिकारी प्रमोदकुमार गिरी ने बताया कि सुमेरपुर में 5 मार्च से चल रहे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी 'म में जागरूकता कार्य म आयोजित कर ब्लॉक से आए सभी आशा, एएनएम को अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के संबंध में जानकारी गई दी। बीसीएमओ डॉ गोविंद सिंह ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में राज्य क्षय अनुभाग राजस्थान की ओर से सम्पूर्ण राज्य में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की दिशा में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रदेश में 24 मार्च तक संचालित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य टीबी (क्षय रोग) उन्मूलन को गति देना, समुदाय में टीबी की समय पर पहचान, उपचार एवं रोकथाम को सुदृढ़ करना है। ब्लॉक कार्य म अधिकारी गिरी ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख इंडिकेटर्स संदिग्ध टीबी मामलों की जांच (प्रति 1000 जनसंख्या पर 30 से अधिक), टीबी नोटिफिकेशन दर (प्रति 1000 जनसंख्या पर से कम से कम 1 मरीज की पहचान), उपचार सफलता दर (85 प्रतिशत लक्ष्य), ड्रग सेप्टिबिलिटी टेस्ट (60 प्रतिशत मरीजों के लिए), निक्षय पोषण योजना का लाभ (100 प्रतिशत लक्ष्य), निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट वितरण (100 प्रतिशत लक्ष्य) निर्धारित किए गए हैं। कार्यशाला में सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर कल्पेश जोशी के द्वारा उपस्थित कार्मिकों को अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के संबंध में शपथ दिलवाई तथा विस्तृत जानकारी दी गई। इस बैठक में वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन बिन्जाराम, नर्सिंग ऑफिसर अशोककुमार, फार्मासिस्ट मोडाराम व कविता, कंप्यूटर ऑपरेटर इमरान, महेंद्र व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# एवीएम में अभिभावक सम्मेलन आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय मालवीय नगर में अभिभावक सम्मेलन डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता कीर्तिसिंह रावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता हरीश सुथार ने अभिभावकों को बालकों के प्रति दायित्वों व विद्या भारती के आधारभूत विषयों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण व नागरिकों के कर्तव्य को लेकर जानकारी दी। प्रधानाचार्य प्रमोद दवे ने कहा कि बालकों के विकास में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है तथा घर का आचरण ही बालक को श्रेष्ठ बनाता है। जिसमें माता-पिता का बड़ा योगदान होता है। इस अवसर पर समिति के सेवा प्रमुख संदीप देसाई, प्रचार प्रमुख अंकित दुआ, प्रधानाचार्य, मुकेशकुमार व जिला शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती ललिता सांखला सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

# उत्साह व उमंग से पत्रकारों ने मनाया होली स्नेहमिलन समारोह

आइएफडब्ल्यूजे का आयोजन

करणोत बने प्रदेश सचिव व जोधपुर संभाग प्रभारी





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट सिरोही जिला इकाई का होली स्नेह मिलन समारोह शहर के पणिहारी गार्डन में आयोजित किया गया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष उपेंद्रसिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में एडीएम डॉ दिनेशराय सापेला, सीइओ प्रकाशचंद्र अग्रवाल, एएसपी प्रभुदयाल धानिया, एसीबी के एएसपी रामेश्वरलाल, डीएसपी मुकेश चौधरी, जिला परिषद सदस्य दिलीपसिंह मांडानी, दुर्गावाहिनी विभाग संयोजिका पिंकी राजपुरोहित, संगठन के प्रदेश महासचिव मनवीरसिंह चुंडावत, कोषाध्यक्ष नकुल शर्मा ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि वर्तमान में पत्रकारिता के दौरान अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चुनौतियां एक नहीं सैकड़ों खड़ी हो गई। शासन की तरफ से दबाव, प्रशासन की तरफ से दबाव, काले कारोबारियों, तस्करों, माफियाओं की ओर से धमकियां, ना जाने कब किस पत्रकार पर जान लेवा हमला हो जाए, कोई कह नहीं सकता। आज पत्रकार असुरक्षित वातावरण में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। लेकिन अगर हम संगठित रहकर चलेंगे, तो हम इन सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर पाएंगे। ये संगठन हमारा शस्त्र हैं। हमें हमारे शस्त्र की सार संभाल लेनी पड़ेगी तभी शस्त्र कारगर होगा।

### ऐसे आयोजनों की महत्ती आवश्यकता

एडीएम सापेला ने कहा कि ऐसे कार्य म हमेशा आयोजित होते रहना चाहिए। पत्रकार और प्रशासन एक दूसरे से हमेशा जुड़े रहते है और ये जुड़ाव सिरोही जिले में भी मैने हमेशा महसूस किया हैं। सीइओ अग्रवाल ने कहा कि वे सिरोही जिले में कई सालों से विभिन्न पदों पर सेवा में रहे, परंतु कभी नकारात्मक सोच की पत्रकारिता नहीं देखी। एएसपी धानिया ने कहा कि उन्होंने जीवन काल में कभी स्वच्छ पत्रकारिता के दर्शन यहां होते हैं। एसीबी के एएसपी रामेश्वरलाल ने कहा कि समाज को जागरूक करने का कार्य पत्रकार करते हैं। शासन प्रशासन की कमियों को उजागर पत्रकार करते हैं। पत्रकार ही हैं जो समाज को नई दिशा देते हैं। डीएसपी मुकेश चौधरी ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता हैं। हम सरकारी सेवा में हम पर व्यवस्थाओं को सुधारने की जिम्मेदारी हैं। संगठन के प्रदेश महासचिव चुंडावत ने कहा कि होली का त्योहार हैं, इसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। ये सामाजिक समरसता का त्योहार हैं। चुंडावत ने अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में मनाए जाने वाले फाग उत्सव एवं बसंत उत्सव का भी उदाहरण पेश किया। जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत ने आभार जताया। पिण्डवाड़ा ब्लॉक महासचिव राहुल रावल ने मंच संचालन किया।

### यह भी रहे मौजूद

इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश बोहरा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नीरज हरिव्यासी, पूर्व जिलाध्यक्ष परीक्षित मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष नाथूसिंह बालिया, शौकीन खोखर, जिला प्रवक्ता हेमंत अग्रवाल, भोपालसिंह गहलोत, प्रकाश सेन, जैसाराम माली, कुंदनमल राठी, दिलीप मीणा, विकास पटेल, वि' म पुरोहित, हड़मतसिंह, तरुण मीणा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

### प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने इस मौके प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सिरोही जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्य समिति सदस्य विक्रमसिंह करणोत को प्रदेश सचिव मनोनीत किया। साथ ही उन्हें जोधपुर संभाग प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी। सभी पत्रकारों ने करणोत को बधाई देते फूल मालाओं से लाद दिया। करणोत ने प्रदेशाध्यक्ष का आभार जताया साथ ही कहा कि संगठन ने जिस उम्मीद और उद्देश्य के साथ नई जिम्मेदारी प्रदान की हैं उस पर खरा उतरने की शत प्रतिशत कोशिश करेंगे और संगठन के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में हमेशा संगठन हित में कार्य करेंगे।

# समारोह में उल्लेखनीय कार्य के लिए 25 महिलाएं सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट परिवार मातृ शक्ति सम्मान समारोह एवं निःशुल्क फिजियोथेरेपी कैम्प का आयोजन ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष पंकजराज मेवाड़ा के सानिध्य में आर्य समाज के सामने डॉ. हाउस में किया गया। शिविर में डॉ. विनोद सुथार, डॉ. अयोध्या प्रसाद एवं डॉ. मेहराम चौधरी द्वारा 68 महिलाओं की जांच कर उन्हें गठिया, जोड़ो में दर्द, पीठ दर्द, डिस्क हर्नियशन, साइटिका, स्ट्रोक, मल्टीपल स्केलेरोसिस, सर्जरी के बाद गतिशीलता ओर कार्यक्षमता को बहाल करने की वार्ता कर घर पर ही सरल तरीके से व्यायाम और योग करने के तरीके बताए गए। सचिव डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि एएसआइ ललिता मीणा के सानिध्य में समाजसेवा में अग्रणी सेवा कार्य करने वाली महिला उषा अग्रवाल (अध्यक्ष सनातन धर्म महिला सेवा समिति शिवगंज-सुमेरपुर, सचिव हस्तु खंडेलवाल, सुशीला माली, पुष्पा सोनी, शशि गुप्ता, ईदू मौर्यवंशी, मंजू सेन, पूनम भारद्वाज, नंदनी शर्मा, भाग्यश्री शर्मा, अंजली अग्रवाल, प्रियंका मेवाड़ा आदि महिलाओं का अपर्णा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। सभी महिलाओं के साथ केक काटकर महिला दिवस मनाया। सम्मान समारोह में सरंक्षक नेनमल सोनी, झुमरलाल गर्ग, चंपालाल सोनी, गोविंद राठौड़, हरिराम सोनी, एडवोकेट जयंतीलाल माली, नरेंद्रसिंह चौधरी, मदन प्रजापत एवं बलवंतसिंह देवड़ा का सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### केशरदेव तुलस्यान का 84वां जन्मदिवस मनाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं माई झुंझुनूं डॉट कॉम एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संस्थापक केशरदेव तुलस्यान का 84वां जन्म दिवस चूणा चौक राणी सती रोड आशीर्वाद पैलेस में निज निवास स्नेह आंगन पर पारिवारिक सदस्यों के साथ सोमवार को उत्साह के साथ मनाया गया। इससे पूर्व केशरदेव तुलस्यान ने श्री गोपाल गौशाला में गौमाता को गुड़, तिल, अजवाण, मेथी इत्यादि से निर्मित श्री गऊ लड्डू सवामणी गौवंश को खिलाई तथा निज निवास स्थित मंदिर में कुलदेवी श्री राणीसतीजी दादी जी सहित अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर अपराह्न में तुलस्यान ने अपने 84वें जन्म दिवस का केक काटकर सभी के साथ खुशियां बांटी। केशरदेव तुलस्यान का परिवारजन द्वारा साफा एवं दुपट्टा पहना कर माल्यार्पण के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर स्नेहलता तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, नेहा तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान एवं प्रिषा तुलस्यान उपस्थित थी। इस अवसर पर जो परिवार जन झुंझुनूं नहीं आ सके उनमें पड़पौत्र विहान तुलस्यान, सुपौत्र वधु अभिलाषा एवं सुपौत्र योगेश तुलस्यान सहित अन्य जन ने फोन पर शुभकामनाएं दी।

### रामकुमार सैनी श्याम मंदिर के ट्रस्टी बने

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**डूंडलोद।** भाजपा के जिला मंत्री, सैनी समाज के जिला उपाध्यक्ष मुकुंदगढ़ निवासी समाजसेवी रामकुमार सैनी पुत्र नारायणराम सैनी यहां के श्याम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी बने हैं। उन्होंने मंदिर कोष में एक लाख 51 हजार रुपयों का आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. केडी यादव, अध्यक्ष सुभाषचंद्र भूत, उपाध्यक्ष दिनेशचंद्र यादव, सचिव सुरेशचंद्र यादव, संयुक्त सचिव मनोज सदाफल एवं मंदिर कमेटी के सदस्य मुकेश पारीक ने ट्रस्टी बनने पर रामकुमार सैनी का आभार प्रकट किया है। डॉ. केडी यादव ने विश्वास प्रकट किया है कि मंदिर में सुविधाओं के विस्तार एवं अन्य निर्माण कार्य में रामकुमार सैनी का सहयोग मिलता रहेगा। उल्लेखनीय है कि रामकुमार सैनी का विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थानों एवं संस्थाओं के निर्माण, संचालन तथा रखरखाव में सराहनीय योगदान रहा है।

### बाय सरपंच तारा देवी पूनियां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जयपुर में सम्मानित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कोलसिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राजनीति की पाठशाला संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम शक्ति संगम 2025 नारी शक्ति सम्मान जयपुर के तक्षशिला बिजनेस स्कूल में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष तारादेवी पूनियां बाय सरपंच को उत्कर्ष कार्य करने के लिए सम्मानित किया। गया इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा, बाल आयोग की सदस्या संगीता गर्ग, आईआरएस सुनिता बैंसला, राजनीति की पाठशाला के फाउंडर डॉ. अजय पांडे, वाइस चेयरमैन मानसिंह, नेशनल वर्किंग प्रेसिडेंट अशोक मेंदीरत्ता, सीओ अमित द्विवेदी, जनरल सेकेट्री हरिश भारद्वाज, मयंक बकोलिया, वुमन विंग की प्रेसीडेंट नंदिनी वर्मा मौजूद थे।

### मंत्री विश्नोई ने किया चंदवा में खेल अकादमी खोलने का वादा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** प्रदेश के खेल विभाग एवं युवा मामले, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, कौशल नियोजन, उद्यमिता एवं नीति निर्धारण विभाग के राज्य मंत्री केके बिश्नोई रविवार को झुंझुनूं दौरे पर रहे। वे ग्राम पंचायत चंदवा में आयोजित 'चंदवा होली महोत्सव' में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उन्हें भामाशाहों के सहयोग से ग्राम पंचायत में बने खेल स्टेडियम के बारे में बताया और यहां खेल अकादमी खोलने की मांग रखी। जिसका झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू और नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने भी समर्थन किया। जिसके बाद खेल राज्य मंत्री बिश्नोई ने अपने उद्बोधन में ग्रामीणों की मांग मुख्यमंत्री और केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ तक पहुंचाने की बात करते हुए ग्राम पंचायत में खेल अकादमी खोलने का वादा किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया व सलीम चौहान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सोहनलाल ने की। मंच पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुरेश सूरा, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, अजमेर डिस्कॉम के एसई महेश कुमार टीबड़ा, एपीसी कमलेश तेतरवाल, अलसीसर सीबीईओ राजेंद्र खीचड़, ग्रामीण डीएसपी हरिसिंह धायल व बिसाऊ थानाधिकारी रामपाल मीणा आदि मौजूद रहे।

# जो विकास के काम विगत 10 वर्षों के शासनकाल में मोदी की सरकार ने किए हैं वे ऐतिहासिक साबित हुए : केंद्रीय मंत्री यादव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज अम्बेडकर नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं प्रेसवार्ता का आयोजन हुआ। केंद्रीय मंत्री यादव ने पत्रकारगणों से वार्ता करते हुए कहा कि जो विकास के काम विगत 10 वर्षों के शासनकाल में मोदी की सरकार ने किए हैं वे ऐतिहासिक साबित हुए हैं। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बिजली आपूर्ति को पूरा करने के लिए 100 मेगावाट के ऐसे संयंत्र लगाए जाने पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि इस तकनीक में आत्मनिर्भरता हासिल करते हुए 5 प्लांट 2037 तक तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के बारे में बताते हुए कहा कि यह ऐसी तकनीक है जो बहुत सारे डेटा को एकत्र कर मशीन लर्निंग के माध्यम से सोल्यूशन दे सकती है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उदाहरण देते हुए कहा कि ट्रेन की टिकट बुकिंग होने के बाद सीट खाली होने की 15 मिनट पहले यात्रियों को जानकारी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पावर सेक्टर को रिफोर्म को बढावा देने के लिए इलेक्ट्रिक बैटरी को बढाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती में किसानों की क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने के साथ दलहन उत्पादन को बढाने तथा एमएसएमई की क्रेडिट कार्ड सीमा को भी 5 लाख से 10 लाख रूपये तक बढ़ाने की बात की गई है। छोटे उद्यमों को प्रोत्साहन दिए जाने के लिए सरकार निरन्तर काम कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पेश किए गए दोनों बजटों को सर्वजन हिताय का बजट बताते हुए कहा कि हाल ही में पेश किया गया राजस्थान बजट ठोस जमीनी कार्यों को पूरा करने वाला बजट साबित होगा।



उन्होंने बजट में अलवर व तिजारा में कन्या महाविद्यालय खोलने, हनुमान सर्किल पर बस स्टैण्ड बनाए जाने, 10 करोड़ की लागत से कृषि कॉलोनियों में सीसी सडक़, फोर लेन सडक़ निर्माण, सोलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, तारामंडल, मूसी महारानी पुनरूद्धार कार्य, अलवर व भिवाड़ी को क्लीन सिटी जैसी अनेक घोषणाएं किए जाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अलवर को स्वच्छता सर्वेक्षण में आगे बढ़ाने एवं अलवर को सुन्दर शहर बनाने तथा पर्यटन की असीम संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस के दिवालियापन की बात करते हुए कहा कि इनके सहयोगी इंडिया गठबंधन में चाहे केजरीवाल हों, ममता बनेर्जी हों या समाजवादी पार्टी सभी ने इनको अपने से दरकिनार किया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेता अब्बू आजमी द्वारा हाल ही में दिए गए औरंगजेब के महिमामंडन के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी मंशा स्पश्ट करें कि वे अब्बु आजमी के बयान का समर्थन करती है या विरोध। उन्होंने बिहार में होने वाले चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी और ऐसा परिणाम आएगा जैसा दिल्ली में आया है। एनडीए अटल जी के समय बना जिसमें निरन्तरता है। भाजपा 25 वर्षों से ज्यादा मजबूत है। यूपीए कब बना और कब खत्म हो गया। लेकिन एनडीए अपनी विश्वसनीयता बनाए हुए है। यूपीए ने 10 में ही नाम बदल दिया पहले इंडिया बनाया, फिर यह गठबंधन टूट गया।

# हिस्ट्रीशीटर डेनिस बावरिया के चार गुर्गों को दबोचा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के धनूरी थाने के हिस्ट्रीशीटर डेनिस बावरिया ओर उसके गुर्गों द्वारा गब्बर गैंग के बदमाश दीपक मालसरिया पर किए गए हमले के मामलें में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो हिस्ट्रीशीटर सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने वारदात में काम में ली गई तीन गाड़ियों को भी जब्त किया हैं। शहर कोतवाल नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बदमाश दीपक मालसरिया पर हुई हमले के मामले में हिस्ट्रीशीटर डेनिस बावरिया के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने बिसाऊ थाने के हिस्ट्रीशीटर जंगशेर उर्फ मुस्तफा तथा सदर थाने के हिस्ट्रीशीटर आबूसर निवासी कार्तिक जाट तथा अजय जाट ओर अंकित रेप्सवाल को गिरफ्तार किया हैं।



पुलिस ने बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस ने वारदात के काम मे ली गई तीन गाड़ियों को भी जब्त किया हैं। सदर थाने के हिस्ट्रीशीटर कार्तिक जाट पर विभिन्न 16 मामलें दर्ज हैं। पुलिस टीम शेष बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं। शहर कोतवाल नारायण सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दीपक मालसरिया ने करीब पांच—छह साल पहले 2019 में डेनिस बावरिया को धमकी दी थी। तभी से डेनिस के मन में दीपक मालसिरया को लेकर टीस चल रही है। अब डेनिस खुद को दीपक से ज्यादा पॉवरफुल मानने लगा है। इसी के चलते अब डेनिस 2019 में दी गई धमकी का बदला लेने के लिए लगातार दीपक मालसरिया पर हमले की कोशिश कर रहा है। चूरू रोड पर दो दिन पहले हुए हमले से पहले भी एक बार डेनिस ने अपने साथियों के साथ दीपक पर हमला करने की कोशिश की थी। पुलिस की अब तक की पूछताछ में यह भी सामने आया है कि दीपक पर हमला करने के लिए खुद डेनिस अपने साथियों के साथ आया था।

# डिस्कॉम के पॉवर हाउस में पुलिस को मिली अवैध पिस्टल, ठेकाकर्मी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंड्रेला।** अजमेर डिस्कॉम के बजावा सुरो का गांव स्थित पॉवर हाउस में स्थानीय पुलिस ने दबिश दी। जहां से उन्हें एक अवैध पिस्टल मिली। पिस्टल पॉवर हाउस में ही कार्यरत ठेकाकर्मी इसी गांव के रहने वाले 22 वर्षीय रोशन गोठवाल पुत्र घनश्याम जाति मेघवाल के पास मिली है।

पुलिस ने अवैध रूप से पिस्टल रखने के मामले में रोशन को गिरफ्तार कर लिया है। एसएचओ सुरेश रोलन ने बताया कि मुखबिर के जरिए इत्तला मिली थी कि पॉवर हाउस में ठेकेदार के जरिए कार्यरत रोशन गोठवाल के पास अवैध रूप से हथियार है। जिस पर पुलिस ने पॉवर हाउस में दबिश दी। जहां पर रोशन गोठवाल मिला। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास पिस्टल मिली। जिसका लाइसेंस भी नहीं था। पुलिस ने पिस्टल को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पुलिस पिस्टल लाने की जानकारी प्राप्त कर रही है। एसएचओ सुरेश रोलन ने बताया कि गिरफ्तार रोशन गोठवाल से दो— चार दिन पहले चिड़ावा थाना इलाके में मारपीट हो गई थी। जिसका मुकदमा भी रोशन ने दर्ज करवा रखा है। इससे पहले मंडावा में भी रोशन से मारपीट हुई थी। प्रारंभिक जानकारी में पुलिस के सामने आया है कि रोशन की नजदीकियां कुछ आपराधिक किस्म के युवकों से है। उन्हीं से ही रोशन को पिस्टल मिली है। बताया यह भी जा रहा है कि अपनी सुरक्षा के लिए रोशन ने यह पिस्टल ले रखी थी। बहरहाल, पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया। पुलिस आरोपी को जेल से लाकर फिर से पूछताछ करेगी।

**शराब पार्टी करने की भी सूचना :** इधर, पुलिस को प्रारंभिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि रात के समय रोशन गोठवाल के पॉवर हाउस में आपराधिक किस्म के युवक आते है। जो यहां पर शराब पार्टी भी करते है। हालांकि अभी पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। लेकिन जिस तरह से रोशन पॉवर हाउस में अवैध हथियार के साथ मिला है। इन संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय समारोह संपन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को महिला अधिकारिता विभाग के कार्यालय में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा थे। जिला कलेक्टर मीणा ने कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि लगातार महिला अधिकारिता विभाग झुंझुनूं केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में ऋण उपलब्ध कराने में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एव विभाग सदैव महिलाओं के आत्म सम्मान और उनके सशक्तिकरण के लिए उनके साथ खड़ा है। उन्होंने विभाग की उन्होंने अमृता सोसाइटी के अंतर्गत संचालित सहकारी बाजार के लिए स्थान उपलब्ध कराने की भी बात कही। जिला कलेक्टर ने इस दौरान विभाग के निदेशक पद पर अपने कार्यकाल को भी याद करते हुए विभाग के कार्यों को 'मौन क्रांति' कहा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका पिलानिया ने कहा कि आज महिलाएं अपनी स्वयं की पहचान बना रही हैं, इसलिए महिलाएं सशक्त बन रही हैं। समारोह के दौरान विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं से अवगत कराया। विप्लव न्यौला ने बताया कि समारोह के दौरान वैज्ञानिक अनुसंधान, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं एवं बालिकाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस, गर्भवती महिलाओं की पर्यवेक्षण एवं डिलीवरी, पोषण अभियान, राजकीय विद्यालय में नामांकन, शिक्षा के क्षेत्र सहित 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान सीरी पिलानी के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक सुमित्रा सिंह एवं गौरव पुरोहित को सम्मानित किया गया। जिन्होंने बताया कि वे जल्द ही महिलाओं की समस्याओं के लिए एक उपयोगी मोबाइल ऐप लॉन्च करेंगे। समारोह के दौरान आईसीडीएस के उप निदेशक बिजेंद्र सिंह राठौड़, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनिया, बीआरकेजीबी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सज्जन सिहाग आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल

**अलवर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने गोविन्दगढ़ कस्बे में रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह के फार्म हाउस पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में शिरकत की। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में श्रीमद्भागवत का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारे समाज को सनातन संस्कृति से जोडने के साथ-साथ समाज को एक सूत्र में पिराने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं सहित उनके द्वारा समाज को दिए गए उपदेशों को दर्शाया गया है जो हमें प्रेम, सदभाव व सादगीपूर्वक जीवन व्यतीत करने का संदेश देते हैं। सुप्रसिद्ध कथावाचक देवी चित्रलेखा ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाई और उनसे सिख लेने की बात कही।



# राजपूत समाज का नवनिर्मित सभा भवन का लोकार्पण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** राजपूत सभा अलवर के नवनिर्मित सभा भवन का लोकार्पण समारोह आज सभा भवन ए-5 अम्बेडकर नगर अलवर में बड़े धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भंवर जितेन्द्र सिंह जी पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार, विशिष्ठ अतिथि देवी सिंह शेखावत विधायक बानसूर, धर्मेन्द्र राठौड़ पूर्व चेयरमैन आरटीडीसी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिजेन्द्र सिंह चौहान अध्यक्ष राजपूत सभा अलवर ने की। राजपूत सभा के महामंत्री राजेश सिंह बहाली ने बताया कि समारोह में करीब 215 भामाशाओं व 50 जनप्रतिनिधियों विजेंद्र सिंह चौहान ने की जिसमें डॉक्टर गिरवर सिंह नरूका पार्षद नगर पालिका गोविंदगढ़ को स्मृति चिन्ह एवं माला पहनकर जनप्रतिनिधि सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज के सभी सरदारों ने नवनिर्मित सभा भवन की तारीफ के साथ-साथ समस्त राजपूत सभा कार्यकारिणी को धन्यवाद दिया। समारोह में सभी राजपूत संगठनों व समाज के विंग कमाण्डर मंगल सिंह, रमेश सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह राठौड, सूरजभान सिंह गोड़, मानसिंह, भूपेन्द्र सिंह शेखावत, प्रकाश सिंह बडेर, बहादूर चौहान, दशरथ सिंह शेखावत, राजेश सिंह बहाली, अमित नरूका, दीपक तंवर, गोपाल सिंह पिपलखेड़ा, बिजेन्द्र बबेली, शिओम सिंह तॅवर, भूपेन्द्र चौहान, भुपाल सिंह, गोपाल सिंह खुडिणा, धर्मेन्द्र नरूका, मनोज शेखावत, जितेन्द्र पलवा, नरेन्द्र सिंह, सोनू भीटोली, भूपेन्द्र राठौड, गजेन्द्र नरूका, पृथ्वी सिंह सहित समाज के हजारो की संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए।



# रहल विद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल दिवस एवं भामाशाह सम्मान समारोह पर पत्रकारों का बहुमान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड क्षेत्र के गांव रहल में स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल दिवस एवं भामाशाह सम्मान समारोह के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि आव्हाद निवर्ती सोमनाथ सीईओ जिला परिषद धौलपुर के साथ विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार मीणा सरपंच खानपुर मीणा,रामकुंवर गुर्जर सरपंच रहल सहित जिले व ब्लॉक के अधिकारी मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य पारसराम पंवार जैतारण ने अपने उद्बोधन में बताया कि- विद्यालय स्टाफ ने स्वयं भामाशाह बनकर दो लाख रूपये राशि के विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 1 से 9 तक के सभी 400 बच्चों को स्कूल बैग और स्टेशनरी किट एवं बाल वाटिका के 62 बच्चों को लंच बॉक्स और स्टेशनरी किट वितरित किये है। वहीं विद्यालय के व्याख्याता मातादीन गुर्जर ने बताया कि विद्यालय स्टाफ के सहयोग से विद्यालय के भौतिक विकास एवं छात्रों के शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में आयोजित चन्द्रज्योति अभियान की विभिन्न गतिविधियों में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आह्वाद निवृत्ती सोमनाथ सीईओ जिला परिषद धौलपुर एवं पीरामल फाउंडेशन टीम द्वारा छात्रों को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस मौके पर पूर्व सीडीईओ दाऊदयाल शर्मा, खानपुर मीणा सरपंच राजेश मीणा,बाड़ी सीबीईओ कल्याण सिंह मीणा, सरमथुरा सीबीईओ जितेंद्र सिंह जादौन, बसेड़ी सीबीईओ राजेंद्र कुमार मीणा,पूर्व सीबीईओ रामकुमार मीणा,सैंपऊ एसीबीईओ रामप्रसाद राघव,हालही में डीईओ बने रामनिवास मीणा, चंद्र ज्योति अभियान टीम,रहल सरपंच रामकुंवर गुर्जर, पुरस्कृत शिक्षक फॉर्म के जिलाध्यक्ष दयाकांत सक्सैना, सचिव सुरेश गोस्वामी, कोषाध्यक्ष भगवान सिंह मीणा, पूर्व रहल डीडीओ एवं प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा, सुरेश भारद्वाज आरपी बाड़ी, घनश्याम मीणा आरपी बाड़ी,कांसपुरा पीईईओ मदनलाल,मनोज मीणा जिलाध्यक्ष प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ धौलपुर,जावेद बेग अध्यापक समोला,नरेंद्र यादव बरगद मेन, मीडियाकर्मी राजकुमार शर्मा बाड़ी, जुबेर पठान बाड़ी,युसूफ खान धौलपुर, विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।



## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

**राजसमंद।** ज़िला कॉंग्रेस कमेटी की संगठनात्मक् विषयों पर चर्चा हेतु आवश्यक बैठक मंगलवार को प्रातः 9.30 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व राज-स्थान सहप्रभारी रित्विक मकवाना के मुख्य आथित्य एवं जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में नगर परिषद सभागार में आयोजित की जाएगी

जिसमें जिले के निवासरत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, सदस्य गण, एआईसीसी के सदस्य गण, सांसद प्रत्याशी, जिला प्रभारी, पीसीसी पदाधिकारी, विधायक प्रत्याशी, अग्रिम संगठन के पदाधिकारी गण, प्रधान, उप प्रधान, जि.प.स, नगर निकाय चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, पार्षद गण, मण्डल अध्यक्ष गण, सरपंच गण और सभी कांग्रेस के जन प्रतिनिधीगण, पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण भाग लेंगे। यह जानकारी ज़िला कॉंग्रेस प्रवक्ता कुलदीप शर्मा ने दी ।

**सम्मन बनाम मुदुदायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**

अज अदालत : श्रीमान सहायक कलेक्टर न्यायालय, मुकाम देसूरी (पाली)
ब-इजलास सिद्धार्थ सांदू (आर.ए.एस)
वादीनी- सुखीया देवी बनाम
प्रतिवादीगण अशोक कुमार वगैरह
दावा बाबत 88, 89,188, 92ए राज. काश्त अधि. 1955
राजस्व वाद संख्या- 06/2024

मुलसमी 1- मंजु देवी पुत्री मूलचन्दजी, 2- संगीता पुत्री मूलचन्दजी, 3- पेपी बाई पत्नी हीराचन्दजी, 4-चम्पा देवी पुत्री हीराचन्दजी, 5- जया देवी पुत्री हीराचन्दजी 6- राजेश कुमार पुत्र हीराचन्दजी 7- हितेश कुमार पुत्र हीराचन्दजी, आयु तमाम वयस्क, तमाम जातिगण महाजन, निवासीगण गाथी, हाल निवासी बागोल, तहसील-देसूरी, जिला-पाली राज. हरगाह कि वादी ने आपके खिलाफ एक दावा अन्तर्गत धारा -88, 89, 188, 92ए राज.काश्त. अधि. 1955 का दायर किया है, लिहाजा आपको बजरिये इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 20 माह 03 सन 2025 को दिन 10 बजे अदालत हाजा में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हाल मुकदमे से वाकिफ किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ कोई ऐसा शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके, हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईद में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो। आगाह रहो कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व मुह अदालत के आज तारीख 06 माह 03 सन् 2025 को जारी किया गया।

गोल मोहर

अदालत
सहायक कलेक्टर
(एस.डी.ओ.) देसूरी (पाली)

# समाज में सौहार्द और स्वस्थ वातावरण बनाने का माध्यम हैं खेल प्रतियोगिताएं : मेवाड़ा

## पुराड़ा में 4 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, उद्घाटन मैच मालनू ने जीता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** उपखंड के पुराड़ा गांव स्थित न्यू कॉलोनी खेल मैदान पर रविवार को चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कांग्रेस नेता पूर्व प्रधान हरीशंकर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। समस्त मेघवाल समाज पुराड़ा की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मेवाड़ा ने सर्वप्रथम बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समस्त मेघवाल समाज युवा कार्यकर्ताओं ने मेवाड़ा का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। आयोजक त्रिलोक दहिया व दिलीप परिहार के अनुसार मेवाड़ा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर टॉस का सिक्का उछालकर टूर्नामेंट का आगाज किया।

उन्होंने पहली बोल खेलकर प्रतियोगिता शुरू करवाई। प्रतियोगिता में आस-पास क्षेत्र से कुल 20 टीमे भाग ले रहीं हैं। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच मालनू व पुराड़ा-2 के बीच खेला गया। मालनू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ऑवर में 3 विकेट में 140 रन बनाते हुए पुराड़ा-2 को 141 रनों का टारगेट दिया। रनों का पीछा करने उतरी पुराड़ा-2 टीम 7 विकेट खोकर 112 रन ही बना सकी। मालनू टीम विजेता रहीं। आयोजक प्रवीण दादावत व महेन्द्र परिहार ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 20 टीमें भाग ले रहीं हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 12 मार्च को खेला जाएगा। जिसमें विजेता टीम को 21 हजार नकद व ट्रॉफी व उप विजेता टीम को 11 हजार व ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। प्रतियोगिता में लीग मैच 8-8 ऑवर, सेमी फाईनल 10 व फाइनल 12 ऑवर के होंगे। इससे पूर्व उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए मेवाड़ा ने कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सौहार्द और स्वस्थ वातावरण बनाने का माध्यम है और तन, मन को भी स्वस्थ रखते हैं। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इस मौके पर जरावीदेवी, युवा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष शैतानकुमार, युवा नेता लखन मीणा, त्रिलोक दहिया, दिलीप परिहार, प्रवीण दादावत, महेंद्र परिहार, मांगीलाल दहिया, अमृत परिहार पराखिया, देवाराम, रमेश कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



# 'एक शाम शनिदेव के नाम' भजन संध्या आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** कस्बे में आयोजित एक शाम शनिदेव के नाम भजन संध्या में दी गई एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति पर श्रोता जमकर झूमे। भजन गायक श्याम आचार्य, जेठाराम माडल, दीपक राठौड़ ने गणपति व गुरु वंदना के साथ भजन संध्या का आगाज किया। राठौड़ ने चलो बुलावा आया है शनिदेव ने बुलाया...की प्रस्तुति ने समा बांधा। अजय सुदामा ग्रुप दिल्ली द्वारा भी शानदार प्रस्तुतियां दी गई। भजनों की प्रस्तुति पर श्रोता जमकर झूमते रहे। भजन संध्या के अतिथि सरपंच शेखर मीणा, सूर्यवीर सिंह रावला नारलाई, देवाराम चौधरी, समाजसेवी कैलाश ठक्कर, बाबूलाल चौधरी का ट्रस्ट कमेटी द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मनोहरसिंह चौहान, वक्ताराम माली, दरगाराम कुम्हार, प्रेमदास वैष्णव, वरदाराम चौधरी, सवाराम बोस, अन्नाराम सरगरा, दिनेश मीणा, भरत टेलर, नरेश सुथार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मंच संचालन राजेन्द्रसिंह गहलोत ने किया।



# स्वास्थ्य शिविर में की रक्त की जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** महावीर इंटरनेशन के तत्वावधान में चंद्रभोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अध्यक्ष शैलेश बोहरा के सानिध्य में स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। संस्थान सदस्यों द्वारा 70 सदस्यों का स्वास्थ्य जांच हेतु रजिस्ट्रेशन कर सैंपल लिए गए। सचिव गिरीश अग्रवाल ने बताया कि थायरोकेयर मुंबई के विशेषज्ञों द्वारा मात्र तीन घंटे में रक्त की 72 तरह की जांच कर ली जाती है। इससे संभावित बीमारियों का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। आगामी 16 मार्च को चंद्रभोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में रक्त जांच रिपोर्ट के साथ आमजन शिविर में मौजूद थायरोकेयर मुंबई के विशेष डॉक्टरों से निशुल्क परामर्श ले सकेंगे। इस दौरान उपाध्यक्ष अमित मेहता, सह सचिव जगदीश सोनी, कार्यक्रम प्रभारी अमित मेहता, संभव जैन, पुनीत खाटेड, उमेश शर्मा, अनिल अग्रवाल, अंकित राठौड़, राकेश अग्रवाल, अंशुमान गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे। संस्थान अध्यक्ष बोहरा ने आभार व्यक्त किया।

**16 मार्च को जांच रिपोर्ट के आधार पर ले सकेंगे परामर्श**

# भाकिस की बैठक में दी मणिपुर के कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** नाणा कस्बे में रविवार को भारतीय किसान संघ की बैठक में 20 फरवरी को ट्रेन दुर्घटना में दिवंगत हुए मणिपुर के कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि दी गई।

गुजरात से आए भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने सहयोगी कार्यकर्ताओं का विशेष सम्मान किया। कार्य' म की अध्यक्षता हंसराज भाई ने की। बैठक में परबतसिंह, जोधाराम, जिला उपाध्यक्ष विनती भाई, प्रांतीय जैविक प्रमुख बाबूलाल मीणा और गोपालन व डेरी प्रभारी शंकरलाल मीणा उपस्थित रहे। तहसील अध्यक्ष भवानीसिंह चौहान, उपाध्यक्ष हीरालाल, मंत्री श्रवणसिंह समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। गुजरात से दिनेशभाई पटेल और मंजूबेन बाबूभाई ने भी कार्य' म में शिरकत की। जिलाध्यक्ष जोधाराम चौधरी के नेतृत्व में बैठक में किसान हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

# ज्ञापन सौंप की विकास कार्य करवाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** नाणा क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत को ज्ञापन सौंप विभिन्न विकास कार्य करवाने की मांग की। ज्ञापन के जरिए नाणा पंचायत मुख्यालय पर नई पंचायत समिति स्थापित करने, उपतहसील को तहसील में 'मोन्नत करवाने की मांग की। इसी तरह क्रेसर मोड से पाररिया तक सड़क निर्माण की 1994 से लंबित मांग पूरी करवाने का आग्रह करते हुए बताया कि यह मार्ग कोयलवाव, काकराड़ी और तिलकेश्वर महादेव समेत कई गांवों को उदयपुर से जोड़ेगा। इससे दूरी कम होगी। राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और महाविद्यालय की मांग करते हुए बताया कि वर्तमान में छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए 38 से 42 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। मगरा क्षेत्र के छात्रों को 60 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ती है। ज्ञापन में राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय को सामुदायिक चिकित्सालय में क्रमोन्नत करवाने की मांग भी की। उन्हें बताया कि यहां स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं है। भीमाणाा और चामुंडेरी के मरीजों का दबाव भी इस अस्पताल पर है। लोगों को निजी चिकित्सा संस्थानों का सहारा लेना पड़ता है। इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री प्रतापसिंह भाटी, युवा मोर्चा अध्यक्ष हरयेशसिंह भाटी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कानाराम देवासी, एसटी मोर्चा अध्यक्ष हेमाराम भील, महिला मोर्चा अध्यक्ष मनीषाकंवर, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मदन मेघवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कानाराम माली, मंडल उपाध्यक्ष सादलाराम देवासी, सोनाराम मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य कन्यादेवी, संगीता गरासिया, पूर्व सरपंच चिमनसिंह मीणा, अजमीबाई, अम्बादेवी, रमेश माली, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र बाफना, वरिष्ठ नागरिक अध्यक्ष महेंद्रसिंह भाटी, गोमाराम मीणा, कालूराम गरासिया, भारतीय किसान संघ बाली अध्यक्ष भवानीसिंह चौहान, नारायण मारू, नाणा प्रशासक कमलादेवी, रकमादेवी, जवानाराम, राजाराम, भूराराम, रिंकूकुमारी, सवदीबाई, कैलाश गरासिया, बासुबाई, पोखरीबाई, रमेश मीणा, मीराबाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



# चिकित्सालय परिसर में 11 परिंड लगाए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** पशु चिकित्सालय सुमेरपुर में रविवार को पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत एवं शासन सचिव समित शर्मा के आदेशानुसार प्रदेश में गर्मी के मौसम की शुरुआत को देखते हुए भामाशाह योग प्रशिक्षक व आयुष नर्सेज महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल द्वारा 11 परिंडे लगाए गए। ब्लॉक पशु चिकित्सालय अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार चावला ने बताया कि राजस्थान सरकार के पशुपालन मंत्री एवं शासन सचिव के निर्देशानुसार भामाशाह के सहयोग से चिकित्सालय में पशु-पक्षियों के लिए मेघवाल ने 11 परिंडे लगाए और ब्लॉक की समस्त गोशालाओं में पंछियों के दाना पानी के लिए 10-10 परिंडे लगवाने की घोषणा की है। इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामावतार यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणवीर सिंह मीणा, पशुधन प्रसार अधिकारी राधाकृष्ण जाट, पशुधन निरीक्षक प्रकाश मेघवाल, कार्मिक धर्मेंद्र, हर्षवर्धनसिंह राठौड़ मौजूद रहे।

# एनएसएस ने गोद ली बस्ती में किया श्रमदान




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुमेरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन रविवार को प्रथम सत्र ध्यान और मानसिक स्वच्छता को समर्पित रहा।

इस सत्र में डॉ. राजेंद्र राठौड़ एवं अनुपमा द्वारा स्वयंसेवकों को ध्यान (मेडिटेशन) की क्लीनिंग प्रोसेस करवाई गई। जिससे उन्हें मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी मिली। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में असिस्टेंट प्रोफेसर चक्रवर्ती सिंह ने एनएसएस के मूल कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयं के बोध कार्य, परिवार नियोजन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक स्वच्छता की महत्ता पर विस्तृत चर्चा की। उनके प्रेरणादायक विचारों से स्वयंसेवकों को समाज सेवा और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिली। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राहुल पलसानिया ने बताया कि शिविर के अंत में एनएसएस स्वयंसेवकों ने गोद ली गई बस्ती नीलकंठ महादेव में श्रमदान किया और स्थानीय निवासियों को नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश फैलाकर जनमानस को जागरूक करने का कार्य किया।

# वृक्षों के बीना संभव नहीं पर्यावरण की शुद्धता : शुक्ला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** वेश्विक पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए नेशनल हाइवे -62 पर टोल प्लाजा कंपनी इंटराइज-ब्यावर पाली पिण्डवाड़ा टोलवे प्राइवेट लिमिटेड और मार्केटिंग द डिफेंस एनजीओ टीम के साथ मिल कर पौधरोपण (डेंस फॉरेस्ट) कर पर्यावरण को बचाने और शुद्ध प्राणवायु से स्वच्छ जीवन देने का संदेश दिया गया। वैश्विक तापमान में वृद्धि और ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे से पर्यावरण को पुनर्जीवन देने के उद्देश्य से टोल प्लाजा कंपनी और एनजीओ टीम व स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा 3 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों को हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रिशिता सिंह मैनेजर टेक एनएचएआइ, सतीशकुमार, इंटराइज प्रोजेक्ट हैड दीपक विश्वकर्मा, फाउंडर मार्किंग द डिफरेंश, संजय मारवाड़ी आपरेशन हेड बीपीपीटीएल, योगेशकुमार शुक्ला बिरामी टोल मैनेजर, मनीष श्रीवास्तव एजीएम मेंटेनेंस, सुनील वाजपेयी लाइजनिंग मैनेजर, लोकेश प्रोजेक्ट मैनेजर मियावाकी, रूट मैनेजर मूलचंद खिंची, हेमंत शर्मा, शाद खान, अक्षय जगराम, हितेश तकनीकी विशेषज्ञ, इंदरसिंह केनपुरा एवं समस्त इंटराइज टीम ब्यावर पाली पिंडवाड़ा टोलवे आदि सम्मिलित थे।




शुक्ला ने इस मौके पर कहा कि वृक्षों के बिना पर्यावरण की वायु शुद्ध नहीं हो सकती। वृक्ष हमारे लिए ऑक्सीजन प्रदाता का कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त वृक्षों से हमें अनेक उपयोगी वस्तुएं, पदार्थ भी प्राप्त होते हैं। वृक्षों को लगाने से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है और वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा में बढ़ोतरी होती है व वातावरण में ठंडक रहती है।





# अनुशासित भाव से किया पथ संचलन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** कस्बे में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाते हुए अनुशासन का संदेश दिया। दोपहर में पथ संचलन को लेकर स्वयंसेवक बालिका विद्यालय परिसर में एकत्रित हुए। जहां से संघ के पदाधिकारियों से दिशा निर्देश की पालना करते हुए घोष की धुन पर पथ संचलन को रवाना हुए। पूर्ण गणवेश में सजे स्वयंसेवक कस्बे के मेघवालों का वास, सूरजकुण्ड, मुख्य बाजार, बड़ी बावड़ी चौक, बस स्टैंड, लोहारों का वास होते हुए शाम पांच बजे विद्यालय प्रांगण पहुंचा। ग्रामीण एवं विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वयंसेवकों का स्वागत किया। विद्यालय प्रांगण में बौद्धिक वर्ग कार्यक्रम हुआ। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक ने कहा कि जिस देश में हर कोई देशभक्ति की सोच रखने वाला होता है वह देश महान होता है। भारत माता की जयकारों के बीच संघ के घोष वादकों की ओर से वादन से सभी मंत्रमुग्ध नजर आए।

# हरीओम आश्रम में शांति पाठ सहित धार्मिक आयोजन आज

## संत हीरापुरी के जीवंत भंडारे एवं शिष्या श्रीमती सायरीदेवी मेवाड़ा की पुण्यतिथि निमित्त होगा आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** रामेश्वर महादेव मंदिर हरीओम आश्रम रामनगर में पिछले 26 वर्षो से विराजित संत मनसुख हीरापुरी महाराज के जीवंत भंडारे एवं उनकी शिष्या श्रीमती सायरीदेवी मेवाड़ा की पुण्यतिथि के मौके पर सोमवार को शांति पाठ, कृष्ण होली फाग महोत्सव के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर व हरीओम आश्रम रामनगर को दुल्हन की तरह रंग बिरंगी रोशनी व फरियों से सजाया गया है। आश्रम के भक्तराज सोनाराम कुमावत व रूघाराम चौधरी के अनुसार अल सुबह ब्रह्म मुहूर्त में संत महात्माओं के सान्निध्य में पंडितों की ओर से मुख्य यजमान की मौजूदगी में विशेष पूजा अर्चना के साथ शांति पाठ के बाद यज्ञ की शुरुआत होगी। जिसकी पूर्णाहुति दोपहर में अभिजित मुहूर्त में होगी। इसके बाद 251 किलो पुष्पों से कृष्णा होली फाग महोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान दूर-दूर से पहुंचने वाली भजन मंडलियों की ओर से गुरु देव के वंदावने करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी जाएंगी। सुबह 11 बजे बाल भोग के साथ महाप्रसादी आरंभ होगी। आयोजन को लेकर सोहन माली चौटीला, नटवर मेवाड़ा सांडेराव, बालकिशन सोनी, नंदूभाई सोनी, जयकिशन कांजाणी, मांगीलाल चौधरी, सत्तुभाई अग्रवाल, पुखराज कुमावत सहित दूर-दराज से पहुंचे गुरुभक्त व्यवस्थाओं में जुटे है।

# शिविर में व्हीलचेयर सहित कई उपकरण किए वितरित

## बीसलपुर में निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बीसलपुर के भैरव आइ हॉस्पिटल में ट्रस्ट के संस्थापक राजमल एस जैन के 92वें जन्मोत्सव पर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर व भैरव चेरिटेबल ट्रस्ट बीसलपुर के तत्वावधान में निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर आयोजित किया गया। तहसीलदार जितेन्द्रसिंह राठौड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर का उदघाटन किया। नरेन्द्र परमार, महावीरसिंह देवड़ा व महिपाल राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आयोजक अनिल जैन के नेतृत्व में शिविर में दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें व्हीलचेयर, ट्राइसाइकल, बैसाखी, कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, कान की मशीन और कैलीपर शामिल है। नरेन्द्र परमार ने कहा कि राजमल जैन का सेवा कार्य न केवल गोडवाड़ बल्कि पूरे राजस्थान के लिए प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने बताया कि अनिल जैन भी उन्हीं के पदचिह्नों पर चल रहे हैं। विशेष रूप से बीसलपुर और सुमेरपुर में की जा रही सेवाएं सराहनीय हैं। कार्य' म का संचालन नवीन जोशी ने किया। इस अवसर पर मुकेश राजपुरोहित, भाविक जैन, भंवर जैन, धीरज चारण, प्रकाश जैन, हिम्मतमल जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



# केंद्र में किया झंडारोहण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** राठेलाव चौराया स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान के केंद्र में महिला दिवस के उपलक्ष्य में शिव बाबा का झंडारोहण किया गया। बीके सुचिता ने योग व ध्यान के महत्व को रेखांकित किया। योग गुरु मांगूनाथ महाराज ने महिलाओं को अत्याचार के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बीके कविता, बीके दलीला, सरपंच केसाराम भील, मुकेशपुरी गोस्वामी, फूआराम चौधरी, भंवर प्रजापति, दिव्तीयप्रकाश त्रिवेदी, मांगीलाल गहलोत, भीखसिंह, हीरालाल, लक्ष्मीनारायण, रक्माराम, गुलाबराम आदि मौजूद थे।



# केजीबी का ब्लॉक स्तरीय किशोरी बाल मेला कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का देसूरी ब्लॉक स्तरीय किशोरी बाल मेला एवं वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह मंगलवार सुबह 9.30 बजे आशापुरा माता मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रधान संगीताकंवर राजपुरोहित, डीइओ माध्यमिक राहुल राजपुरोहित शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच फूलकंवर करेंगी। आशापुरा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष करणसिंह उचियारड़ा, उद्योगपति व समाजसेवी ठा अभिमन्युसिंह फालना गांव, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष व पूर्व प्रधान सुशीला गौड़, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष व घाणेराव सरपंच चंद्रशेखर मेवाड़ा, उप सरपंच भवानीसिंह राजपुरोहित, डीइओ लालाराम प्रजापत, सीबीइओ मोहनलाल बलाई, एसीबीइओ मंगलाराम नायक, हीराराम घांची, सुरेश माली, मनीष मेवाड़ा, रमेशभारती, विजयसिंह चौहान, शेषाराम राठौड़, नोडल प्रधानाचार्या मधु पांडे, प्रधानाध्यापिका गरिमा डांगी एवं केजीबी वार्डन मनीषा का आतिथ्य रहेगा।

